Serving Education for Last 40 Years

NEERAJ®

# धर्म और समाज

## ( Religion and Society )

## B.S.O.E.-145

## B.A. General - 5th Semester

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

C.B.C.S. (Choice Based Credit System) Syllabus of

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Harmeet Kaur*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

Content

# धर्म और समाज

## ( Religion and Society )


Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1

Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper—Exam Held in July-2022 (Solved) ........ 1

Sample Question Paper–1 (Solved) ........ 1

Sample Question Paper–2 (Solved) ........ 1


| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


**समाजशास्त्र की प्रकृति तथा क्षेत्र**
**( Nature and Scope of Sociology )**

1. धर्म का समाजशास्त्र : अर्थ एवं अवधारणा ........ 1
   ( Sociology of Religion: Meaning and Concept )
2. धर्म के तत्व ........ 11
   ( Elements of Religion )
3. धर्म के अध्ययन के लिए दृष्टिकोण ........ 21
   ( Approaches to the Study of Religion )
4. धर्म और तर्कसंगतता ........ 33
   ( Religion and Rationalization )

**भारत के धर्म ( Religions of India )**

5. बहुलवाद, समानता तथा भाईचारा : संवैधानिक आधार ........ 41
   ( Pluralism, Equality and Fraternity: The Constitutional Foundations )
6. हिन्दू धर्म ........ 51
   ( Hinduism )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


7. इस्लाम ( Islam ) ........ 62

8. ईसाई धर्म ( Christianity ) ........ 73

9. सिक्ख धर्म ( Sikhism ) ........ 84

10. बौद्ध धर्म ( Buddhism ) ........ 95

11. जनजातियों में धर्म ( Religion among Tribes ) ........ 105

**धर्म, समुदाय और राज्य**
**( Religion, Community and State )**

12. धार्मिक बहुलवाद और सहधर्मी परंपराएँ ........ 115
( Religious Pluralism and Syncretic Traditions )

13. धर्मनिरपेक्षता तथा धर्मनिरपेक्षीकरण ........ 123
( Secularism and Secularization )

14. साम्प्रदायिकता एवं रूढ़िवाद ........ 131
( Communalism and Fundamentalism )

15. नागरिक धर्म ........ 138
( Civil Religion )


■■

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## धर्म और समाज

**( Religion and Society )**

**B.S.O.E.-145**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी के अंक समान हैं।*

**प्रश्न 1. धर्मशास्त्र से धर्म का दर्शन भिन्न है? वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'परिचय', 'धर्म का समाजशास्त्र, धर्म दर्शन और धर्मशास्त्र से भिन्न है'

**प्रश्न 2. धर्म के अध्ययन में प्रकार्यात्मक विचारधारा की जाँच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-36, प्रश्न 3

**प्रश्न 3. भारत में धर्म और समाज के प्रतिच्छेदन पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-43, 'धर्म और समाज का अंतर्विभाजन'

**प्रश्न 4. क्या धर्म एक तर्काधार है? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-36, प्रश्न 2

**प्रश्न 5. भारत को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए समता और भाईचारे ( बंधुत्व ) की संकल्पनाओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-42, 'समानता और भाईचारा'

**प्रश्न 6. ईसाई धर्म की सामाजिक व्यवस्था का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-77, प्रश्न 4

**प्रश्न 7. जनजातियों के 'सर्वोच्च देवता' की संकल्पना पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-36, प्रश्न 3

**प्रश्न 8. धार्मिक बहुलवाद की संकल्पना का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-115, 'परिचय', 'धार्मिक बहुलवाद'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*December – 2022*

*(Solved)*

## धर्म और समाज

**( Religion and Society )**

**B.S.O.E.-145**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी के अंक समान हैं।*

**प्रश्न 1. पश्चिमी जगत के नजरिए से धर्म की संकल्पना की जाँच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'धर्म समाजशास्त्रीय विश्लेषण का क्षेत्र है'

**प्रश्न 2. 'अति-मानव' एवं इसकी अभिव्यक्तियों की संकल्पना की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-12, 'अलौकिक मानव'

**प्रश्न 3. धर्म की मूल-उत्पत्ति में मनो-जैविक तत्त्वों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-27, प्रश्न-3

**प्रश्न 4. 'धर्म के तर्काधार' और 'विश्व में अस्तित्व' के बीच संबंध की जांच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-33, 'तर्कसंगतता और धर्म', पृष्ठ-34, 'दुनिया में जीवन'

**प्रश्न 5. इस्लाम में परिवार की संस्था का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-70, प्रश्न-2

**प्रश्न 6. बौद्ध धर्म के अनिवार्य तत्त्वों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-103, प्रश्न-7

**प्रश्न 7. जनजातियों के विभिन्न अति-मानव अस्तित्वों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-106, 'विविध अति-मानव'

**प्रश्न 8. भारत में समन्वयी (syncretic) परंपरा की प्रकृति पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-116, 'सहधर्मी परंपराएं'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# धर्म और समाज
# ( Religion and Society )

## समाजशास्त्र की प्रकृति तथा क्षेत्र
## ( Nature and Scope of Sociology )

## धर्म का समाजशास्त्र : अर्थ एवं अवधारणा
## ( Sociology of Religion: Meaning and Concept )

1

### परिचय

धर्म एक सामाजिक प्रक्रिया है, क्योंकि यह सामूहिक विश्वासों और आचारों की प्रणाली है। धर्म एक ऐसा सामाजिक तथ्य है, जिसमें सभी मुद्दों की चर्चा की जाती है। धर्म समाज को एक प्रकार की नैतिक संहिता देता है तथा धर्म के मुख्य रूप से पवित्रता और पारलौकिकता का संदेश मिलता है, क्योंकि समाजशास्त्रीय विश्लेषण के लिए धर्म एक अनिवार्य विषय है। इस अध्याय में धर्म के समाजशास्त्र, दर्शन और धर्मशास्त्र के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है। साथ ही इसमें धर्म के समाजशास्त्र के विकास का संक्षिप्त विवरण और विकास की तीनों अवस्थाओं की चर्चा की गई है। धर्म, जादू-टोना और विज्ञान के बीच संबंध की चर्चा करते हुए इनके बीच समानताओं और असमानताओं के बारे में समझने का प्रयास किया गया है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

**धर्म समाजशास्त्रीय विश्लेषण का क्षेत्र है**

धर्म एक सामाजिक घटना है, इसलिए यह समाजशास्त्रीय विश्लेषण का अनिवार्य क्षेत्र है। समाजशास्त्री धर्म और अन्य सामाजिक प्रक्रियाओं तथा उनके पक्षों व प्रश्नों की तरफ हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं। समाजशास्त्री लॉसन और मैकॉले ने 1990 में धर्म पर अपनी नई पुस्तक में प्रस्तुत किया है कि धर्म न ही कोई ऐसी शक्ति है, जिससे डरा जाए और न ही ऐसा सिद्धांत है, जिससे जबरन जकड़े रहें, धर्म केवल जीवन जीने का एक तरीका मात्र है। वास्तव में धर्म विश्लेषण का उपयुक्त विषय है। इसलिए इस सीमा तक धर्म जीवन जीने की एक पद्धति है।

**धर्म एक सामाजिक तत्व है**

मनुष्य के सामूहिक अनुभव, रोजाना के जीवन के पहलू और ऐसा बहुत कुछ है जो कि सामाजिक है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। हर समाज में धार्मिक अनुष्ठान और संगठन होते हैं, जिनका प्रभाव हमारे रोजाना के जीवन के साथ-साथ राजनीतिक, आर्थिक क्रियाकलापों, जैसे–उत्पादन, वितरण, खपत और उपभोग आदि पर भी पड़ता है। अगर धर्म संसाधनों के असमान वितरण और उत्पीड़न का पक्षधर है, तो दूसरी तरफ धर्म दमन के विरुद्ध संघर्ष और रोकथाम भी करता है। यिंगर (1957) ने अपनी पुस्तक 'रिलिजन, सोसाइटी एंड द इन्डिविजुअल' में कहा है कि यह सामाजिक जीवन के बुनियादी ढाँचे में शामिल है, इसलिए 'धर्म एक सामाजिक प्रक्रिया है।'

समाजशास्त्री धर्म के अनुभव में अमीर व गरीब के रूप में देख सकते हैं कि उनका धर्म के प्रति अनुभव कैसा है, परंतु समाजशास्त्री उन अदृश्य, सहज, मान्य और अनदेखे तथ्यों व दलीय राजनीति में बढ़ते अपराध की तह में भी जाते हैं। यह समाजशास्त्री पर निर्भर करता है कि वह शोध के दौरान धर्म का प्रयोग किस रूप में करता है।

धर्म समाजशास्त्रीय अध्ययन का एक न्यायसंगत क्षेत्र और सामाजिक प्रक्रिया है, जिसमें समाजशास्त्री धर्म और समाज की अन्य संस्थाओं के विभिन्न समुदायों और स्तरों में धर्म के संबंधों और अर्थों को जानने का प्रयास करते हैं।

**धर्म का समाजशास्त्र, धर्म-दर्शन और धर्मशास्त्र से भिन्न है**

धर्म का समाजशास्त्र, धर्म का दर्शन और धर्मशास्त्र तीनों धर्म से जुड़े हुए हैं। इनके मुख्य मुद्दों में भिन्नता होते हुए भी एक-दूसरे के विकास में योगदान के लिए इनमें काफी समानताएँ भी हैं। धर्म का समाजशास्त्र, धर्म का दर्शन और धर्मशास्त्र के मूल विषय क्षेत्र इस प्रकार हैं–

1. धर्म के समाजशास्त्र में धर्म का अस्तित्व एक विश्वास को माना गया है, अर्थात् विश्वास है तो ईश्वर, भगवान है, नहीं तो नहीं। इसलिए समाजशास्त्री धर्म का समाजशास्त्रीय विश्लेषण करते हैं, समाज का धार्मिक विश्लेषण नहीं।
2. दर्शनशास्त्र में तत्वमीमांसा, ज्ञानमीमांसा और नीतिशास्त्र का अध्ययन क्षेत्र है; जैसे–ज्ञानमीमांसा तत्व यह अध्ययन करता है कि ईश्वर, भगवान का अस्तित्व है या नहीं, यानी ज्ञानमीमांसा तत्व धर्म का दार्शनिक धर्म, नीति अथवा नैतिकता के बीच के संबंधों के अध्ययन पर भी जोर देता है।
3. धर्मशास्त्री धर्म के अस्तित्व को स्वीकारते हैं। धर्मशास्त्री लोगों के ईश्वर संबंधी अनुभवों का विश्लेषण कर ईश्वर और ईश्वरीय विधि को समझने की चेष्टा करते हैं। ये धर्मशास्त्री अपने-अपने धर्म से जुड़े होते हैं; जैसे–पंडित, आचार्य, मठाधीश, हिंदू धर्मशास्त्री और मुल्ला, मौलवी, मुस्लिम धर्मशास्त्री हैं। शार्फ के अनुसार, धर्मशास्त्री धर्म का मानवीय आधारों पर अध्ययन करते हैं, जबकि समाजशास्त्री समाज के अनुभवों को आधार बनाते हैं। इस प्रकार धर्म का समाजशास्त्र, धर्म का धर्म-दर्शन और धर्मशास्त्र आपस में समान होते हुए भी एक-दूसरे से भिन्न हैं।

## धर्म की समाजशास्त्रीय परिभाषा

धर्म की समाजशास्त्रीय परिभाषा के लिए चार विशेषताओं का होना अनिवार्य है; जैसे कि धर्म एक सामूहिक तत्व के रूप में, धर्म पर विश्वास, अलौकिक एवं पवित्र होना तथा धर्म में नैतिक आचार संहिता का होना आदि।

### धर्म एक सामूहिक तत्व है

धर्म सामूहिक रूप में मानव विश्वासों और आचारों की प्रणाली है। समाजशास्त्री एम.एन. श्रीनिवास ने 1978 में कुर्ग के गाँवों के अध्ययन के दौरान ग्रामीण लोगों का उत्सवों पर सामूहिक नाच, सामूहिक रात्रि भोजन और सामूहिक शिकार करना आदि का अध्ययन किया। सामूहिक रात्रि भोजन को उरोम के नाम से जाना जाता है। इसी प्रकार दुर्खाइम (1912) ने अपने अध्ययन में पाया कि ईश्वर का सृजन उस सामूहिक अनुभूति में निहित है, जिसमें लोग एकत्रित होकर अनुष्ठान संपन्न करते हैं। वह ईश्वर और समाज में इतनी समानता पाते हैं कि ईश्वर की पूजा को समाज की पूजा मानते हैं।

उनके अनुसार धर्म पूर्णरूप से व्यक्तिगत विषय है, इसलिए कुछ लोग 'मेरा हाथ जगन्नाथ' और कुछ लोग 'अपने कर्म को ही अपना धर्म' मानते हैं। इस प्रकार इन्हें इस सीमा तक ही धर्म माना जा सकता है, जिस सीमा तक ये विश्वास-सामूहिक, सामाजिक मूल्यों और प्रतिमानों के संदर्भ में परिभाषित होते हैं।

आलोचना के बाद भी धर्म संस्कृति का एक अंग है। हमारे समाज का परिपक्व होना ही धार्मिक मूल्यों, आस्थाओं और कर्मों के समझने का कारण बनता है।

### अलौकिक और पवित्र

टेलर (1871) ने कहा है कि 'दैविक सत्ता में विश्वास रखना' ही धर्म की परिभाषा है, क्योंकि हर धर्म में वैदिक यानी अलौकिक शक्ति का महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। दैविक सत्ता के अर्थ में अदृश्य शक्ति, देवदूतों और दिवंगत पूर्वजों की आत्मा पर विश्वास आदि आता है; जैसे–हिंदू धर्म में ब्रह्मा, विष्णु और शिव की मान्यता है कि इनका काम सृष्टि रचना, उसका पालन-पोषण और विनाश करना है।

दैविक शक्ति को खुश करके और संतुष्ट करके ही उनकी कृपा व वरदान पाया जा सकता है। वैदिक शक्तियों का क्रुद्ध और प्रचंड रूप भी माना जाता है; जैसे–हवा, आग, पर्वत, प्राकृतिक शक्तियाँ आदि।

सभी धर्मों में अलौकिक शक्ति की धारणा और इसका अहसास मौजूद है, इसीलिए सभी लोग पूजा-अर्चना के दौरान उस शक्ति को आदर देते हैं और पवित्रता पर विश्वास बनाए रखते हैं। इस प्रकार दैविक शक्तियाँ मनुष्य के मन में भय अथवा श्रद्धा को जन्म देती हैं।

दुर्खाइम (1912) के अध्ययन के अनुसार पवित्र अलौकिक वस्तुओं से बिल्कुल भिन्न है और उसे पृथक् रखा जाता है। अनुष्ठान के दौरान पवित्र और सांसारिक वस्तुओं के बीच संचार होता है, क्योंकि 'पवित्र' कार्य के दौरान ही व्यक्ति को शुद्धिकरण की प्रक्रिया लेनी पड़ती है। कहने का अर्थ है कि सांसारिक गतिविधियों की प्रक्रिया लेनी पड़ती है। तात्पर्य यह है कि सांसारिक गतिविधियों के दौरान हमें पवित्रता का आभास होता है, तो दूसरी ओर दैनिक जीवन में पवित्र और अलौकिक के बीच अंत:क्रिया होती रहती है।

### विश्वास और आचार

विश्वास ही अलौकिक शक्ति की प्रकृति, प्रक्रिया और भाषा को समझाता है तथा संपर्क स्थापित करने के तरीके निर्धारित करता है।

समाज में चले आ रहे पारंपरिक रीति-रिवाज विश्वास से निहित हैं। इसलिए वह अलौकिक शक्ति और मनुष्य के बीच के संबंधों को व्यक्त कर अनुष्ठान को अर्थ प्रदान करते हैं।

किसी भी प्रक्रिया को बार-बार, समारोहपूर्वक, औपचारिक और रीति-रिवाज के अनुसार करना अनुष्ठान कहलाता है। अनुष्ठान का धार्मिक विश्वासों के संदर्भ में विशेष अर्थ होता है। अनुष्ठान लंबे-चौड़े, छोटे, व्यक्तिगत और सामूहिक रूप में किये जा सकते हैं। अनुष्ठान के विशेष अर्थात् शामन, पुजारी, पादरी आदि होते हैं।

दुर्खाइम और कुछ विद्वानों के अनुसार विश्वास की लंबी चौड़ी व्यवस्था बनाने के पूर्व ही अनुष्ठान का उदय हो जाता है। अन्य विद्वान मानते हैं कि लोग रहस्यों को विश्वास का माध्यम समझते हैं और अनुष्ठान की उत्पत्ति होती है।

**नैतिक आचार संहिता**

ईश्वर या भगवान से संपर्क स्थापित करने के लिए कुछ आचार संहिताएँ निर्धारित की जाती हैं और ये धर्म से ही उपजती हैं; जैसे–यहूदी-ईसाई धर्म के 'दस आदेश' एक प्रकार की नैतिक आचार संहिता हैं, जो मनुष्य को धर्म से अर्थात् ईश्वर से जोड़ती हैं।

परिवार, शिक्षा और कानून आदि समाज में आचार संहिताओं के स्रोत हैं। इसमें लोग विशेष धर्म के प्रति आस्था रखकर उनकी नैतिक संहिताओं का पालन करते हैं। आधुनिक युग में अस्त्र-शस्त्र, सैन्य बल और तकनीकी आदि पर अरबों पैसे खर्च हो रहे हैं, दूसरी तरफ विश्व के अनेक भागों में लोग अकालग्रस्त हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि अहिंसा के धार्मिक सिद्धांत का पालन करने वालों के लिए दायित्व का मुद्दा बन जाता है।

उपर्युक्त चारों विशेषताओं की चर्चा करने के बाद हम धर्म को इस प्रकार परिभाषित करेंगे, "धर्म नैतिक संहिताओं, विश्वासों और आचरणों की एक व्यवस्था है। यह व्यवस्था धर्म में आस्था रखने वालों के समुदायों को अलौकिक शक्ति के साथ संपर्क स्थापित करने में सहायक होती है।"

## धर्म के समाजशास्त्र का विकास

वेदों, उपनिषदों से लेकर यूनानी दार्शनिक अरस्तु, प्लेटो, दुर्खाइम और वेबर जैसे विद्वानों ने धर्म के महत्त्व का विभिन्न संदर्भों में अध्ययन किया है। धर्म के समाजशास्त्र की मुख्य रूप से तीन प्रवृत्तियाँ निम्नलिखित हैं–

1. नृशास्त्रियों और समाजशास्त्रियों के अलावा समुद्री, व्यापारी, धर्म-प्रचारक और उपनिवेशवादियों ने धर्म में समाजशास्त्रीय रुचि लेना आरंभ किया।
2. यूरोप में औद्योगिक क्रांति की विचारधारा के विद्वानों ने धर्म के भाग्य के अध्ययन में अत्यधिक रुचि ली।
3. समाजशास्त्रीय अध्ययनों में समाजों के औद्योगिक और पूर्व औद्योगिक चरणों में धर्म के पुनरुत्थान की चर्चा की गई।

**पूर्व-आधुनिक समाज**

इस समाज में धर्म की दो व्याख्याएँ व्यक्तिपरक और समाजपरक मिलती हैं। एडवर्ड बी. टेलर (1981) ने और हर्बर्ट स्पेंसर ने दोनों व्याख्याओं को बुनियादी माना, क्योंकि उनके अनुसार स्वप्न, अनुगूँज और मृत्यु की प्रक्रिया का विश्लेषण करने के लिए आदिम मानव ने धर्म का सहारा लिया।

पॉल रैडिन ने 1938 में धर्म के भाव-प्रवण पक्ष पर अधिक जोर दिया। उनके अनुसार धर्म मनुष्य को शक्तिहीन होने की भावना से उभरता है। दुर्खाइम 1912 ने धर्म को भावनात्मक अभिव्यक्ति माना है। जैसे कि आखेटक जनजातियों के लोग शिकार से लौटकर इकट्ठे होते थे और सभी भावुक होते थे।

दुर्खाइम ने 1961 में धर्म की अनिवार्यताओं की चर्चा करते हुए कहते हैं कि धर्म विश्वासों और प्रथाओं की मिली-जुली पद्धति पवित्र से संबद्ध है। दुर्खाइम के अनुसार धर्म में 'टोटम' वह पवित्र वस्तु है, जो समाज या समूह विशेष का प्रतीक होता है। धर्म आदिम युग में अवश्य ही जीवंत रहा, क्योंकि धर्म का मुख्य प्रकार्य समाज में आपसी तालमेल बिठाना है। रैडक्लिफ ब्राउन 1952, टॉलकट पार्सन्स 1954 और मिल्टन यिंगर 1957 आदि विद्वानों ने दुर्खाइम के प्रकार्यात्मक तर्कों को माना और उनकी पुनः रचना भी की।

**औद्योगिक समाज**

कार्ल मार्क्स ने 1976 और मैक्स वेबर ने 1963 के अध्ययन में यह माना कि रोजाना धर्म के अस्तित्व का आकार घटता जा रहा है और भविष्य में ऐसा समय जरूर आएगा, जब धर्म समाप्ति के अंतिम पड़ाव पर होगा।

कार्ल मार्क्स के अनुसार शोषण का इस दुनिया में मनुष्य के दुख-दर्द की अभिव्यक्ति का साधन है और दुख-दर्द के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है। वह अपनी कल्पना के साम्यवादी संसार में धर्म को कोई स्थान नहीं देते।

कार्ल मार्क्स धर्म को विचार जगत का हिस्सा मानते हैं, यह विचार उत्पादन प्रणाली में उत्पादन की शक्तियाँ व उत्पादन के संबंध में आते हैं।

मैक्स वेबर धर्म के अस्तित्व को मानते हैं। कई विद्वानों के सिद्धांतों का विश्लेषण कर वेबर इस नतीजे पर पहुँचे हैं कि इन पंथों के नीति-शास्त्र अनेक यूरोपीय देशों के पूँजीवादी विकास में सहायक सिद्ध हुए हैं। कैल्विन ने कैथोलिक संप्रदाय द्वारा मान्य जादू-टोने की प्रथा का खंडन किया। उनके 1509-1564 के पूर्वनियतिवाद के अनुसार ईश्वर ने कुछ अपने लोगों को पहले से चुन रखा है और हर कोई केवल आस्था से ही जीवित रह सकता है। इस प्रकार कड़ी मेहनत और त्याग के फलस्वरूप धन जमा होने लगा, जिसे औद्योगीकरण में लगाया जाने लगा।

**धार्मिक पुनरुत्थान**

धर्म का अस्तित्व आज भी बना हुआ है और विश्व के अनेक भागों में धर्म पुनरुत्थान की प्रक्रिया तेजी से चल रही है, जैसे कि अमेरिका के कट्टरपंथी प्रोटेस्टैंट पंथों का फिर से उदय होना व एशिया के अनेक देशों में धार्मिक पुनरुत्थान होना आदि। अमेरिका जैसे कुछ देशों में ईसाई धर्म के माध्यम से शोषण का विरोध और मंदिरों, चर्चों आदि में धर्म का वर्चस्व कम होना और समाज के भीतर-ही-भीतर निजी धर्म का उदय आदि भी धर्म के दमनकारी रूप हमारे सामने आ रहे हैं। इस प्रकार साम्यवाद भी धर्म का ही एक रूप है।

टर्नर 1986 ने धर्म के बारे में कहा है कि धर्म न तो बोध ज्ञान प्रणाली है और न ही सिद्धांतों का एक संग्रह, बल्कि यह एक अर्थपूर्ण अनुभव और अनुभूत अर्थ है अर्थात् धर्म का अस्तित्व बोध मात्र हमारे अनुभवों का नतीजा है।

## धर्म और उससे संबद्ध अन्य सामाजिक घटनाएँ

धर्म और जादू-टोना तथा धर्म और विज्ञान यह अन्य सामाजिक घटनाएँ हैं, जिनका वर्णन धर्म के संदर्भ में इस प्रकार है–

### धर्म और जादू-टोना

धर्म और जादू-टोना का अस्तित्व विश्वास रखने वालों की आस्था है। दोनों में ही उद्देश्य विशेष की पूर्ति के लिए अलौकिक शक्ति को कई विधियों द्वारा वश में करने का प्रयास किया जाता है।

मैलिनॉस्की और फ्रेजर के अनुसार धर्म का संबंध मनुष्य की आधारभूत समस्याओं और जादू-टोने का संबंध मनुष्य की छोटी-मोटी समस्याओं के समाधान से है। धर्म में जहाँ ईश्वर की पूजा होती है, वहीं जादू-टोने में अलौकिक शक्ति को वश में करने की कोशिश रहती है। धर्म में लोग अलौकिक शक्ति के प्रति विश्वास दिखाते हैं, परंतु जादू-टोने में अलौकिक शक्ति को वश में करना होता है।

वर्मोन (1962-63) के अनुसार जादू-टोने में स्थिति ग्राहक-विक्रेता जैसी और धर्म में मालिक और नौकर जैसी होती है। यानी जादू-टोने में जादूगर एक व्यापारी की तरह होता है, जो अपनी अलौकिक शक्ति द्वारा काम करवाने की कीमत पाता है और एक नियम या विधि का पालन करता है। जादू-टोने में सामुदायिक भावना न होकर व्यक्तिगत स्तर पर काम किया जाता है। जादू-टोने में किसी प्रकार का दर्शन, जीवन पद्धति और नैतिक संहिता नहीं होती; क्योंकि जादूगर का कौशल ही उसकी मान्यता है, क्योंकि धर्म में ईश्वर पर पूरी आस्था होती है। इसलिए धर्म अपने आस्था वाले लोगों से एक प्रबल भावनात्मक संबंध रखता है। धर्म के अनुयायियों का एक लक्ष्य रहता है और इससे धार्मिक समुदाय बनता है। यानी यह एक सामूहिक गतिविधि है। फ्रेजर के अनुसार, जादू-टोने के व्यावसायिक रूप और जादुई तरीकों पर आधारित आस्था को दृष्टि में रखकर जादू को विज्ञान का आदिम रूप माना जा सकता है।

### धर्म और विज्ञान

ज्ञान की खोज और समस्याओं के समाधान की पद्धति विज्ञान कहलाती है। धर्म और विज्ञान मनुष्य को वास्तविकता से जोड़ने के तरीके हैं। दोनों ही इस क्षेत्र के लोगों में विशेष योग्यताएँ निर्धारित करते हैं और युद्धों के विरुद्ध क्रियाशील हैं।

वैज्ञानिक पद्धति के प्रयोग के बाद ही तथ्य का अर्थ और मूल्य जाना जा सकता है। इस पद्धति में पूर्वाग्रहों को मान्यता नहीं मिलती। वैज्ञानिक पद्धति में जो तत्व परिणामों को प्रभावित करते हैं, उन्हें नियंत्रित किया जाता है ताकि वास्तविकता के स्तर का पता लग सके और वैज्ञानिक तकनीकों से प्रकृति में ठोस परिवर्तन हो सकते हैं। यह पद्धति विश्वव्यापी मान्य है, जबकि धर्म में दिखावे पर विश्वास किया जाता है, परंतु ईश्वरीय अभिव्यक्ति नहीं होती। इसका कोई तुरंत या ठोस परिणाम नहीं मिलता। इसके अलावा धर्म एक समाज से दूसरे समाज में भिन्न प्रकार का हो सकता है।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. निम्नलिखित कथनों के सामने सही अथवा गलत पर निशान लगाइए–**

(क) यह आवश्यक नहीं कि धर्म का समाजशास्त्री आस्तिक ही हो।

(ख) धर्म वह सामाजिक तत्व है, जिसमें एक जैसे विश्वास और सामूहिक रीति-रिवाज पाए जाते हैं।

(ग) समाजशास्त्र धार्मिक विश्वासों और आचारों की उनके सामाजिक संदर्भ में व्याख्या करता है।

(घ) नैतिक मूल्यों का एकमात्र स्रोत धर्म ही है।

**उत्तर**–(क) सही, (ख) सही, (ग) सही, (घ) गलत।

**प्रश्न 2. धर्म किस प्रकार एक सामाजिक तत्व है? व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर**–धर्म को सामाजिक तत्व मानने से पहले हमें सामाजिकता का ज्ञान होना चाहिए कि ऐसा क्या है, जो सामाजिक है। कहने का अर्थ यह है कि मनुष्य के सामूहिक रूप में दैनिक जीवन के सभी पहलू; जैसे–शिक्षा, राजनीति और अर्थशास्त्र आदि मिलकर सामाजिक का निर्माण करते हैं। धर्म हमारे दैनिक जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित करता है। हर समाज में धार्मिक विश्वास, अनुष्ठान और संगठन होते हैं। जहाँ धर्म मनुष्यों को एकजुट करता है। धर्म समाज में उत्पादन के संसाधनों के असमान वितरण और उत्पीड़न का पक्षधर है तथा धर्म दमन के विरुद्ध संघर्ष और इसकी रोकथाम के उपाय बताता है। धर्म प्रेम, स्नेह और एकजुटता का संदेश देता है, परंतु समाज में लोग धर्म के नाम पर आपस में लड़ रहे हैं, क्योंकि धर्म एक समाज में दूसरे समाज से भिन्न होता है। धर्म सामाजिक जीवन के बुनियादी ढाँचे में शामिल है। इसलिए इसे एक सामाजिक प्रक्रिया माना गया है। एक समाजशास्त्री अपने अध्ययन में धर्म का अनुभव लोग किस प्रकार करते हैं तथा उन अदृश्य, सहज, मान्य और अनदेखे तथ्यों की तह में भी जाते हैं। कहने का तात्पर्य है कि एक समाजशास्त्री पर निर्भर है कि वह अपने अध्ययन के दौरान धर्म का प्रयोग कैसे करता है। समाजशास्त्री धर्म और समाज की अन्य संस्थाओं के सभी पहलुओं का अध्ययन करते हैं, यानी किसी पहलू को नजरअंदाज नहीं करते। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि धर्म एक सामाजिक तत्व है।

**प्रश्न 3. धर्म के समाजशास्त्र और धर्मशास्त्र के बीच किन्हीं दो अंतरों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर**–धर्म के समाजशास्त्र और धर्मशास्त्र दोनों ही समाज के एक ही तत्व धर्म से जुड़े हुए हैं। धर्म के समाजशास्त्र और धर्मशास्त्र के मुख्य मुद्दों में अंतर होते हुए भी एक-दूसरे के विकास के योगदान के लिए उनके बीच आदान-प्रदान के लिए भी बहुत समानताएँ हैं। धर्म के समाजशास्त्र और धर्मशास्त्र के बीच अंतर निम्नलिखित हैं–